WWW.LIVELAW.IN

...Association, Allaha...

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाब...

President
Rakesh Pande 9415305760

Hony. Secretary
J. B. Singh 9450376...

| | |
|---|---|
| **Senior Vice President** | |
| Akhilesh Kumar Mishra "Gandhi" | 9450590540 |
| **Vice President** | |
| Virendra Nath Upadhyay | 9450626097 |
| Shri Kant Kesarwani | 9450048085 |
| Ajeet Kumar Yadav | 9450431224 |
| Saurabh Tiwari | 9532435231 |
| Vijay Singh Sengar | 9935617500 |
| **Joint Secretary (Administration)** | |
| Priyadarshi Tripathi | 9415812813 |
| **Joint Secretary (Library)** | |
| Ashutosh Pandey | 9415241621 |
| **Joint Secretary (Press)** | |
| Sarvesh Kumar Dubey | 9335306090 |
| **...int Secretary (Women)** | |
| ...Nilam Shukla | 9415123870 |
| **...surer** | |
| ...endra Nath Mishra | 9450635316 |
| **...Members of Governing Council** | |
| Anchal Ojha | 8726456015 |
| Shivangi Bhargava | 9889062337 |
| Ajay Kumar Mishra | 9695322382 |
| Manish Pandey | 9307470123 |
| Ashutosh Kumar Mishra | 9651003743 |
| Barun Kumar Shukla | 8004828005 |
| Ambuj Kumar Shukla | 9936152855 |
| Santosh Kumar Mishra | 9919387580 |
| Indu Shekhar Tripathi | 9415368312 |
| Vinod Kumar Yadav | 9415650129 |
| Abhishek Kumar Saroj | 9838321075 |
| Ashok Kumar Mishra | 9455407577 |
| Urmila Tripathi | 9451853052 |
| Kapil Dev Yadav | 9935300143 |
| Ajay Kumar Pathak | 7271832630 |

Ref. : No. H.C.B.A./..........................

Dated : 28.08.2...

## प्रकाशनार्थ

इलाहाबाद! हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के अधिवक्तागण पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार आ... दिनांक 28.08.2019 को न्यायिक कार्य से विरत रहे और इस दौरान मा0 उच्च न्यायालय के विभिन्न प्रवे... मार्गों पर भारी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित होकर अपनी माँगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी करते हु... शासन के निर्णय का विरोध किया।

तत्पश्चात् अपरान्ह 12.30 बजे पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के लाइब्रेरी हाल में हाईकोर्ट बार... एसोसिएशन के **अध्यक्ष श्री राकेश पाण्डे** की अध्यक्षता में आम सभा सम्पन्न हुई जिसका संचालन **महासचिव श्री** **जे0बी0 सिंह** द्वारा किया गया।

उक्त आम सभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आन्दोलन के दौरान अधिवक्तागण किसी भी फ्रेस मुकदमें का दाखिला नही करेगें, साथ ही इस दौरान कोई भी अधिवक्ता मा0 उच्च न्यायालय परिसर में प्रवेश नही करेगा। इसके साथ ही साथ यह भी पारित किया गया कि जब तक आन्दोलन चलेगा तब तक फोटो आइडेन्टिफिकेशन सेन्टर पूर्णतया बन्द रहेगा।

अग्रिम जमानत के प्राविधान के अनुक्रम में जिसमें यह व्यवस्था दी गयी है कि अग्रिम जमानत हेतु याचीगण सत्र न्यायालय और मा0 उच्च न्यायालय में आवेदन कर सकेगें, उक्त परिप्रेक्ष्य में मा0 अध्यक्ष श्री राकेश पाण्डे द्वारा यह निर्णय लिया गया कि आन्दोलन समापन के उपरांत मा0 उच्च न्यायालय के समस्त वरिष्ठ अधिवक्ता एक साथ इस परिप्रेक्ष्य में किसी अग्रिम जमानत के आवेदन के मामले में मा0 न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखेगें।

इसके साथ ही साथ आन्दोलन के आगामी रणनीति एवं उसके कुशल संचालन हेतु सर्वसम्मति से एक "एक्शन कमेटी" का गठन किया गया जिसके चेयरमैन हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राकेश पाण्डे होगें एवं मा0 उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्तागण एवं पूर्व अध्यक्ष/महासचिव सदस्य के रूप में नामित किए गये जिसमें सर्वश्री पी0सी0 मिश्र, टी0पी0 सिंह, अशोक खरे, शशि नन्दन, सी0एल0 पाण्डेय, ओ0पी0 सिंह, आर0के0 ओझा, अमरेन्द्र नाथ सिंह, आई0के0 चतुर्वेदी, जी0के0 सिंह वरिष्ठ अधिवक्तागण, अनिल तिवारी, अशोक कुमार सिंह, ए0सी0 तिवारी, प्रभाशंकर मिश्र, डॉ0 सी0पी0 उपाध्याय, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, एन0सी0 त्रिपाठी, पी0डी0 त्रिपाठी, आर0सी0 सिंह सम्मिलित हैं।

इसके अतिरिक्त एक "निरीक्षण कमेटी" लगभग 50 अधिवक्ता सदस्यों की गठित की गयी। साथ ही उपरोक्त कमेटी को यह अधिकार दिया गया कि वह इस बात का निरीक्षण करें कि कोई भी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का सदस्य बार के निर्णयों की अवहेलना एवं बार विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है तो उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के साथ–साथ उसके निलम्बन, निष्कासन एवं मा0 उच्च न्यायालय द्वारा प्रदत्त एडवोकेट आन रोल नम्बर के निरस्तीकरण हेतु "एक्शन कमेटी" को सूचित करेगी।

उक्त के क्रम में एक्शन कमेटी के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि कल दि. 29.08.2019 को वाहन जुलूस की शक्ल में अधिवक्तागण प्रातः 10:30 बजे मा0 उच्च न्यायालय के पास स्थित अम्बेडकर चौराहे से निकलकर जिलाधिकारी कार्यालय जायेगें और वहाँ पर अपनी माँगों का एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेगें। दिनांक 30.08.2019 को मा0 उप–मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास पर अधिवक्तागण सामूहिक रूप से जाकर व्यक्तिगत सम्पर्क करके उपरोक्त प्रकरण में उनके समर्थन पत्र की माँग करेगें साथ ही उक्त के संदर्भ में ज्ञापन भी सौंपेगें।

उक्त आम सभा में सर्वश्री अशोक खरे, शशि नन्दन, आर0के0 ओझा, ओ0पी0 सिंह, जी0के0 सिंह **वरिष्ठ अधिवक्तागण**, अशोक कुमार सिंह, ए0सी0 तिवारी, प्रभाशंकर मिश्र, डॉ0 सी0पी0 उपाध्याय, एस0सी0 पाण्डेय **पूर्वमहासचिवगण**, अखिलेश कुमार मिश्र 'गाँधी' **वरिष्ठ उपाध्यक्ष**, वीरेन्द्र नाथ उपाध्याय, श्रीकांत केसरवानी, अजीत कुमार यादव, सौरभ तिवारी, विजय सिंह सेंगर **उपाध्यक्षगण**, प्रियदर्शी त्रिपाठी, **संयुक्त सचिव प्रशासन**, आशुतोष पाण्डेय, **संयुक्त सचिव लाइब्रेरी**, श्री सर्वेश कुमार दुबे, **संयुक्त सचिव प्रेस**, श्रीमती नीलम शुक्ला, **संयुक्त सचिव महिला**, श्री सुरेन्द्र नाथ मिश्र, **कोषाध्यक्ष** एवं आंचल ओझा, शिवांगी भार्गव, अजय कुमार मिश्र, मनीष पाण्डेय, आशुतोष कुमार मिश्र, बरून कुमार शुक्ला, अम्बुज कुमार शुक्ला, सन्तोष कुमार मिश्र, इन्दु शेखर त्रिपाठी, विनोद कुमार यादव, अभिषेक कुमार सरोज, अशोक कुमार मिश्र, उर्मिला त्रिपाठी, कपिल देव यादव, अजय कुमार पाठक, **कार्यकारिणी सदस्यगण** सहित काफी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

**(सर्वेश कुमार दुबे)**
संयुक्त सचिव प्रेस

Website : http://www.hcbaallahabad2018.in | Email : highcourtbaralld@gmail.com
Phone : 0532-242 1942 | Fax : 0532-242 0404